केंद्रीय विवि

टेक्नो-कल्चरल इवेंट द इनर्जिया का आयोजन

हरित ऊर्जा के साथ भारत बढ़ रहा है आगे

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

life.ranchi@prabhatkhabar.in

केंद्रीय विवि, झारखंड इनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय टेक्नो-कल्चरल इवेंट द इनर्जिया का आयोजन किया गया. अध्यक्ष डॉ एसके समदर्शी ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए द इनर्जिया के संबंध में और इसके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पांच करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है. विवि के कुलपति प्रो नंद कुमार यादव इंदू ने विभाग के कार्यों की सराहना की.

रांची नगर निगम के आयुक्त मनोज कुमार ने सतत विकास पर जोर दिया और कहा कि भारत के विकास कार्यों पर पूरी दुनिया ने हाथ मिलाया है. हरित ऊर्जा के साथ आज भारत आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कचरे से ऊर्जा और रिसाइकल की जानकारी दी. श्री कुमार ने अक्षय उर्जा के प्रति लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की बात कही. जरेडा के निदेशक निरंजन कुमार ने झारखंड के लोगों के जीवन के बदलने में जरेडा द्वारा क्रियान्वित योजनाएं व गांवों को विकसित करने में अहम भूमिका के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है. इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इनमें इनोवेट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, टेक क्विज, एलुमनी टॉक्स, पोस्टर मेनिया,

टेक्नो-कल्चरल इवेंट द इनर्जिया में शामिल विवि के कुलपति प्रो नंद कुमार यादव इंदू और निगम के आयुक्त मनोज कुमार.

बी-प्लान प्रतियोगिता के साथ-साथ मतलब कार्यशाला का आयोजन किया गया. शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर डॉ विष्णु मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया.